दिनांक 4 जून 2019

स्वच्छ भारत अभियान　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ और सुंदर भिलाई

अवैध कब्जा एवं निर्माण करने वालों के विरुद्ध तोड़फोड़ दस्ता ने की कार्यवाही, विभिन्न स्थानों से हटाया कब्जा

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत अवैध निर्माण करने वालों के विरुद्ध निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने तोड़फोड़ दस्ता को कार्यवाही करने के निर्देश दिए हुए हैं जिस पर जोन क्रमांक 1 क्षेत्र अंतर्गत नेहरू नगर पूर्व ब्लॉक नंबर 73 प्लाट क्रमांक 3 में भवन अनुज्ञा के विपरीत किए जा रहे निर्माण कार्य को धारा 307/3 के तहत नोटिस दिए जाने के पश्चात भी प्रथम तल पर किए जा रहे निर्माण की बेदखली की कार्रवाई कर सामग्री जप्त किया गया । इसी तरह ब्लॉक नंबर 97 प्लॉट नंबर 1 नेहरू नगर पूर्व में जोन कार्यालय से नोटिस दिए जाने के पश्चात भी द्वितीय तल निर्माण कार्य किया जा रहा था जिसे तत्काल बंद करा कर तोड़फोड़ दस्ता द्वारा सामग्री जप्त कर ली गई। दुर्गा नगर में रोड को प्रभावित कर कब्जे की तैयारी की जा रही थी जिसे बेदखल किया गया। स्मृति नगर क्षेत्र में अपोलो हॉस्पिटल रास्ते के समीप पूर्व में भी बेदखली की कार्रवाई की गई थी , परंतु पुनः बास बल्ली लगा कर कब्जा किया जा रहा था जिसे हटाया गया। जोन क्रमांक 2 क्षेत्र अंतर्गत जायसवाल भवन द्वारा किए जा रहे अवैध कब्जों को हटाकर बेदखली की कार्रवाई की गई। जप्त किए गए सामग्री में 2 नग छड़ काटने की बड़ी मशीन, एक नग छोटी मशीन, 11 नग तगाड़ी, 4 नग फावड़ा, 01 नग बेलचा शामिल है।

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है　　　　जल ही जीवन है